AMAR UJALA

Page No. 06

Date. 21st Apr 2019

हेल्थ चेकअप कैंप में 182 मरीजों की जांच

लोहिया नगर के लाल क्वार्टर में लगा कैंप, डॉक्टरों की टीम ने दिए टिप्स

गाजियाबाद(ब्यूरो)। आईटीएस डेंटल कॉलेज और अमर उजाला के अभियान अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स के तहत शनिवार को लोहिया नगर के लाल क्वार्टर की डीएम कॉलोनी में निशुल्क हेल्थ चेकअॅप कैंप लगाया गया। कैंप में डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की दांतों और आंखों की जांच के साथ फिजियोथैरेपी पद्धति के फायदे बताए। कैंप में कुल 182 मरीजों की जांच हुई।

अमर उजाला के अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स कार्यक्रम के अंतर्गत कैंप लगाकर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कैंप इंचार्ज डा. विक्रम अरोड़ा के साथ डॉक्टरों की टीम ने लोगों के दांत और आंखों की जांच की। डा. विक्रम अरोड़ा ने बताया कि अकसर दांत तंबाकू, पान और गुटखा खाने से खराब होते हैं। नियमित तंबाकू का सेवन करने से मुंह का कैंसर तक हो सकता है। अभी तक जितने भी कैंप हुए हैं उसमें तीन से चार मरीज ऐसे मिले जिन्हें मुंह के कैंसर के लक्षण मिले है। शनिवार को लगे कैंप में कुल 182 लोगों की जांच हुई। इसमें डेंटल के 128 और आंख से संबंधित 54 मरीजों की जांच हुई। डेंटल में 44 मरीजों की स्कैलिंग हुई।

टीम में शामिल रहे ये डॉक्टर

आई स्पेशलिस्ट डॉ. संजीव, डॉ. आसिफ अशरफ, डॉ. शुची श्रीवास्तव, आकाश गोला, अंकिता, समीर खान, नीलमा त्यागी, प्रतिभा कृष्णन, राहुल, कुलदीप, सोनू, तेजेंद्र व रहमान आदि उपस्थित थे।

क्या कहते हैं मरीज

हेल्थ चेकअॅप कैंप में आने से पता लगा कि दांतों की सफाई कैसे होती है। - **सीमा**

यह प्रयास अच्छा है। इससे निश्चित तौर पर गरीबों को फायदा होगा। - **अंजना सिंह**

कैंप के जरिए लोगों के अंदर जागरूकता आएगी कि वह नियमित दिनचर्या में बदलाव करेंगे। - **शाहीदा**

आधुनिक मशीनों की सहायता से जांच हुई है। अगर यही जांच प्राइवेट नर्सिंग होम में करानी होती तो काफी खर्चा होता। - **दिशा**

AMAR UJALA

Page No. 06 Date. 22nd Apr 2019

स्वास्थ्य शिविर में 236 लोगों ने कराई जांच

अपराजिता के तहत शास्त्री नगर में लगा कैंप

स्वास्थ्य शिविर में जांच करते चिकित्सक। अमर उजाला

अमर उजाला ब्यूरो

गाजियाबाद। अमर उजाला के अभियान 'अपराजिता : 100 मिलियन स्माइल्स' के तहत आईटीएस डेंटल कॉलेज की ओर से रविवार को शास्त्री नगर केकार्टे चौक स्थित कार्टे कैंपस में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। कैंप में कुल 236 मरीजों की जांच हुई, जिसमें दांतों, आंखों की जांच और फिजियोथेरेपी के टिप्स दिए गए।

डॉ. रितु गुप्ता के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने 236 लोगों की जांच की। 108 मरीजों के दांतों की जांच हुई, जिसमें से 44 के दांतों की सफाई भी की गई और 11 के दांतों में मसाला भरा गया। छह मरीजों के दांत निकाले गए। इसके अलावा छोटे बच्चों के दांतों को कीड़ों से बचाने के लिए 12 बच्चों के दांतों में प्रिवेंटिव फ्लूराइड एप्लिकेशन भी किया गया। डॉ. रितु गुप्ता ने बताया कि छह से 14 साल तक के बच्चों के दांतों में कीड़े लगने की संभावना अधिक रहती है। इसलिए सभी बच्चों के दांतों में प्रिवेंटिव फ्लूराइड एप्लिकेशन किया जाता है, जिससे कीड़े ना लगे। दांतों के अलावा 42 सामान्य मरीजों की जांच और 46 आंखों के मरीजों की जांच की गई और 40 मरीजों ने फिजियोथेरेपी के टिप्स लिए। टीम लीडर डॉ. रितु गुप्ता सहित सीनियर लेक्चरर डॉ. तुषार प्रुथि, आई स्पेशलिस्ट डॉ. संजीव, फिजिशियन डॉ. राजीव, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. सुचीन, लेजम थोइसन सिंगफो, लालू पासंग, कौशिक बोरा, जैनसन नोग्मीथेम, तेजेंद्र, राहुल शर्मा और कुलदीप शामिल रहे। शास्त्री नगर की रहने वाली प्रिया और पूनम ने अमर उजाला के अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इससे कई लोगों को स्वास्थ्य लाभ होता है। इस तरह के अभियान चलते रहने चाहिए।